सामाजिक विज्ञान

कक्षा 7

(भूगोल)

अध्याय 2: हमारी पृथ्वी के अंदर



To get notes visit our website

mukutclasses.in

अभ्यास के प्रश्न

प्रश्न 1. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) पृथ्वी की तीन परतें क्या हैं?
उतर: पृथ्वी की तीन परतें हैं-
1. भूपर्पटी 2. मैंटल 3. क्रोड़

(ख) शैल क्या है?
उत्तर: पृथ्वी की पर्पटी बनाने वाले खनिज पदार्थ के किसी भी प्राक्रतिक पिंड को शैल कहते हैं।

(ग) तीन प्रकार की शैलों के नाम लिखें।
उत्तर: तीन प्रकार की शैल हैं-
(क) आग्नेय शैल (ख) अवसादी शैल (ग) कायांतरित शैल

(घ) बहिर्भेदी एवं अंतर्भेदी शैल का निर्माण कैसे होता है?
उतर: (i) बहिर्भेदी शैल का निर्माण द्रवित लावा के पृथ्वी की सतह पर आने तथा तेजी से ठंडी होकर ठोस बनाने पर होती हैं।
(ii) अंतर्भेदी शैल का निर्माण द्रवित मैग्मा के भू-पर्पटी के अंदर गहराई में ही ठंडा हो जाने के कारण होता हैं।

(च) शैल चक्र से आप क्या समझते हैं?
उत्तर: किन्ही निश्चित दशाओं में एक प्रकार की शैल का चक्रीय तरीके से दुसरे में परिवर्तित हो जाना ही शैल चक्र कहलाता है।

(छ) शैलों के क्या उपयोग हैं?
उतर: शैलो के निम्नलिखित उपयोग है-
(i) उनका ईंधन की तरह उपयोग होता है।
(ii) उनका उद्योगो में उपयोग होता है।
(iii) उनका दवाईयों के निर्माण में उपयोग होता है।
(iv) उनका उर्वरको के निर्माण में होता है।

(ज) कायांतरित शैल क्या हैं?
उतर: आग्नेय एवं अवसादी शैले उच्च ताप एवं दाब के कारण जिस प्रकार की शैलो में परिवर्तित होते हैं उन्हें कायांतरित शैल कहते है।

प्रश्न 2. सही (✓) उत्तर चिह्नित कीजिए-

(क) द्रवित मैग्मा से बने शैल
(i) आग्नेय (ii) अवसादी (iii) कायांतरित
उतर:(i) आग्नेय

(ख) पृथ्वी की सबसे भीतरी परत
(i) पर्पटी (ii) क्रोड (iii) मैंटल
उतर:(ii) क्रोड

MUKUTclasses

(ग) सोना, पेट्रोलियम एवं कोयला किसके उदाहरण हैं?
(i) शैल (ii) खनिज (iii) जीवाश्म
उतर:(ii) खनिज

(घ) शैल, जिसमें जीवाश्म होते हैं।
(i) अवसादी शैल (ii) कायांतरित शैल (iii) आग्नेय शैल
उतर:(i) अवसादी शैल

(च) पृथ्वी की सबसे पतली परत है।
(i) पर्पटी (ii) मैंटल (iii) क्रोड
उतर:(i) पर्पटी

प्रश्न 3. निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए-

(क) क्रोड **(ख) खनिज** **(ग) शैल** **(घ) चिकनी मिट्टी** **(च) सिएल**	**(i) पृथ्वी की सतह** **(ii) सड़क एवं इमारत बनाने के लिए उपयोग होता है** **(iii) सिलिका एवं एलुमिना से बनता है** **(iv) इसका एक निश्चित रासायनिक मिश्रण होता है** **(v) सबसे भीतरी परत** **(vi) स्लेट में बदलता है।** **(vii) शैल के परिवर्तित होने की प्रक्रिया**

उत्तर:

(क) क्रोड	(v) सबसे भीतरी परत
(ख) खनिज	(iv) इसका एक निश्चित रासायनिक मिश्रण होता है
(ग) शैल	(ii) सड़क एवं इमारत बनाने के लिए उपयोग होता है
(घ) चिकनी मिट्टी	(vi) स्लेट में बदलता है।
(च) सिएल	(iii) सिलिका एवं एलुमिना से बनता है

प्रश्न 4. कारण बताइए-
(क) हम पृथ्वी के केंद्र तक नहीं जा सकते हैं।
उतर: पृथ्वी के केंद्र तक पहुचने के लिए समुद्र की सतह से 6000 किलोमीटर गहरई तक खोदना होगा जो की बिल्कुल अंसभव है।

(ख) अवसादी शैल अवसाद से बनती है।
उतर: शैल लुढ़ककर चटककर तथा एक-दुसरे से टकराकर छोटे-छोटे टुकड़ो में टूट जाती है। इन छोटे कानो को अवसाद कहते है। ये अवसाद हवा, जल आदि के द्वारा एक स्थान से दुसरे स्थान पर पहुचकर जमा कर दिए जाते हैं। ये अरढ़ अवसाद दबाकर एवं कठोर होकर शैल की परत बनाते हैं। इस प्रकार की शैलो को अवसादी शैल कहते हैं।

(ग) चूना पत्थर संगमरमर में बदलता है।
उतर: आग्नेय एवं अवसादी शैल उच्च ताप एवं दाब के कारण कायांतरित शैल का एक मे परिवर्तित हो जाती हैं। चुना पत्थर के साथ भी ठीक यही होता है। उच्च ताप व दाब के कारण यह संगमरमर में बदलता है जओ की कायांतरित शैल का एक उदहारण है।

प्रश्न 5. आओ खेलें

(क) निम्न वस्तुओं में उपयोग किए गए खनिजों की पहचान करें।

उत्तर:

कढ़ाई- लौहा
आभूषण - सोना, चांदी
तवा - लौहा
घंटी - तांबा,जिंक, लौहा
हथोड़ा - लौहा
दीप - तांबा, जिंक

(ख) विभिन्न खनिजों से बनी कुछ अन्य वस्तुओं के चित्र बनाएँ।

उत्तर: छात्र स्वयं चित्र बनाए।

MUKUTclasses